C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 299 | बिजौलिया - गुरुवार, 07 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

# सूदखोरों की प्रताड़ना से अधेड़ ने की आत्महत्या

## मौत से पहले वीडियो बनाकर लगाए गंभीर आरोप, परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत।** शहर में ब्याज माफियाओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सूदखोरों की कथित प्रताड़ना से परेशान होकर एक अधेड़ व्यक्ति ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। मृतक सूर्य प्रकाश दाधीच ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाकर संबंधित लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। घटना के बाद परिजनों और समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई।

जानकारी के अनुसार सूर्य प्रकाश दाधीच आरके कॉलोनी स्थित पार्क में अचेत अवस्था में मिले थे। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इससे पूर्व उन्होंने अपने द्वारा बनाए गए वीडियो में बताया कि



मोर्चरी पर जमा परिजन



मृतक फाइल फोटो

जिन लोगों से उन्होंने उधार लिया था, उन्हें कई गुना रकम चुका दी, इसके बावजूद लगातार तकाजा और मानसिक प्रताड़ना जारी रही। उन्होंने अपने भाई भरत से परिवार का ध्यान रखने की अपील भी की।

मृतक के साले संजय तिवारी ने आरोप लगाया कि सूर्य प्रकाश लंबे समय से सूदखोरों के दबाव में थे। उन्हें लगातार फोन कर परेशान किया जा रहा था। यहां तक कि परिवार के बच्चों और अन्य सदस्यों को भी धमकी भरे कॉल किए जाते थे। उन्होंने बताया कि मृतक ने वीडियो में स्पष्ट कहा है कि मूल रकम से कई गुना अधिक भुगतान करने के बावजूद बार-बार पैसे मांगे जा रहे थे। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

वहीं सुभाष नगर थाना प्रभारी कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि मृतक सूर्य प्रकाश दाधीच, निवासी सर्वेश्वर कॉलोनी, ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर मामला दर्ज कर लिया है।

# आईपीएल सट्टे पर बड़ी कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार

## डीएसटी व प्रतापनगर थाना की संयुक्त कार्रवाई, 4 लैपटॉप, 34 मोबाइल सहित लाखों का सामान जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में ऑनलाइन आईपीएल सट्टे के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो स्थानों पर छापा मारकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में सट्टे में उपयोग किए जा रहे 4 लैपटॉप, 2 टैबलेट, 34 मोबाइल, 3 पेन ड्राइव, एक नोट गिनने की मशीन और 1 लाख 81 हजार रुपये नकद जब्त किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये के लेनदेन का खुलासा हुआ है।

पुलिस ने कार्रवाई को डीएसटी प्रभारी कन्हैयालाल के नेतृत्व में अंजाम दिया ।

पुलिस ने बताया कि 5 मई को प्रतापनगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि चंद्रशेखर आजाद नगर स्थित दो मकानों में चेन्नई बनाम दिल्ली आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाया जा रहा है। सूचना पर डीएसटी व थाना प्रतापनगर की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों मकानों की तलाशी ली।

तलाशी के दौरान एक मकान से 8 मोबाइल, एक लैपटॉप, पेन ड्राइव, नोट गिनने की मशीन, डायरी व सट्टे का हिसाब-किताब बरामद हुआ। वहीं दूसरे मकान से 25 मोबाइल, 3 लैपटॉप, 2 टैबलेट व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए।

पुलिस ने मौके से शुभम न्याती (27), लक्ष्मण दुलानी (45) व रवि शंकर मोदी (33) को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के खिलाफ प्रतापनगर थाने में बीएनएस, जुआ अधिनियम व आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# बस स्टैंड के सामने तलवारबाजी का मामलाः दंपति गिरफ्तार, तीसरा आरोपी फरार,सिगरेट नहीं देने पर किया था जानलेवा हमला

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत ।** शहर के रोडवेज बस स्टैंड के सामने युवक पर तलवार से हमला करने के सनसनीखेज मामले में भीमगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस वारदात में शामिल एक अन्य फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है

जांच अधिकारी एएसआई कृष्ण गोपाल ने बताया कि घटना 2 मई की रात करीब 12:17 बजे की है। पीड़ित राहुल (20) पुत्र राजेंद्र वैष्णव, जो वर्तमान में संजय कॉलोनी का निवासी है, महात्मा गांधी अस्पताल की कैंटीन से चाय पीकर




बस स्टैंड के पास बैठा था। इसी दौरान आरोपी ओमप्रकाश और उसकी पत्नी सुमन उर्फ दिव्या वहां पहुंचे। आरोपियों ने पहले राहुल से सिगरेट मांगी और इनकार करने पर कपड़े में छिपाई हुई तलवार निकालकर उस पर टूट पड़े।

बदमाशों ने राहुल पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसके हाथ और पैर बुरी तरह कट गए। हमले के बाद राहुल अचेत होकर गिर पड़ा, जिसे गंभीर हालत में महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के शरीर पर 8 टांके आए हैं। इस पूरी वारदात का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसने शहर में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफसीआई गोदाम के पास रहने वाले ओमप्रकाश (28) पुत्र गोपाल और उसकी पत्नी सुमन उर्फ दिव्या (27) को दबोच लिया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से आरोपी ओमप्रकाश को पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि उसकी पत्नी सुमन को जेल भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में शामिल तीसरे आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही है।

# रायपुर में 59 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास, चुनावी रण में विकास का शंखनाद

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां, विपक्ष पर साधा निशाना





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचन्द पेसवानी**

भीलवाड़ा जिले के सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के रायपुर में आयोजित 59 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम ने राजनीतिक मायनों में चुनावी माहौल को गरमा दिया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को मंच से जहां वर्तमान सरकार के ढाई साल के कार्यकाल को 'अभूतपूर्व विकास' का दौर बताया, वहीं अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ववर्ती सरकार पर विकास की अनदेखी के आरोप भी लगाए।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि पहले क्षेत्र में सड़कों की हालत खराब थी, स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित थीं और आधारभूत ढांचा कमजोर था, लेकिन अब सरकार ने गांव से लेकर शहर तक विकास की नई तस्वीर पेश की है। उनका यह बयान आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा की चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संकेत देते हुए कहा कि लोकतंत्र में सही जनप्रतिनिधि का चयन ही विकास की निरंतरता सुनिश्चित करता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे आने वाले चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लें और विकास को गति देने वाली सरकार का साथ दें। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह अपील सीधे तौर पर मतदाताओं को साधने का प्रयास है।

कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने भी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रमुखता से रखा। सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक लादूलाल पितलिया और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अपने संबोधन में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जनहितकारी बताते हुए विपक्ष पर विकास कार्यों में बाधा डालने के आरोप लगाए।

इस दौरान विभिन्न विभागों के करोड़ों रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया, जिसमें सार्वजनिक निर्माण, जलदाय, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली और पशुपालन जैसे विभाग शामिल रहे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को चाबियां सौंपकर सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो यह कार्यक्रम केवल विकास कार्यों का उद्घाटन नहीं, बल्कि चुनावी माहौल में भाजपा की ताकत दिखाने और मतदाताओं को साधने का बड़ा मंच भी साबित हुआ। आने वाले चुनावों को देखते हुए इस तरह के कार्यक्रमों से प्रदेश में सियासी सरगर्मी और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

# फिल्मी अंदाज में पीछा कर एएनटीएफ ने दबोचे नशा तस्कर, 45 किलो डोडा पोस्त बरामद

## छोटी सादड़ी से मारवाड़ ले जाई जा रही थी खेप, हाईवे पर घेराबंदी कर पकड़ी डिजायर कार; दो आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पुनित चपलोत**

नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एएनटीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 45 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद किया है। साथ ही एक स्विफ्ट डिजायर कार जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई फिल्मी अंदाज में पीछा कर की गई, जिससे तस्करों के मंसूबों पर पानी फिर गया।

एएनटीएफ महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के मार्गदर्शन तथा उप महानिरीक्षक अभिजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक अमित जैन के नेतृत्व में एएनटीएफ भीलवाड़ा टीम ने यह कार्रवाई अंजाम दिया।



**फिल्मी स्टाइल में पीछा, कच्चे रास्ते पर भागे तस्कर,घेराबंदी कर पकड़ा**

सूचना के आधार पर एएनटीएफ भीलवाड़ा टीम ने मांडल क्षेत्र में एनएच-79 (दिल्ली-मुंबई 6 लेन हाईवे) पर घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध सफेद डिजायर कार नजर आई, उसे रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने कार तेज गति से भगा दी। दो टीमों ने पीछा करते हुए आगे-पीछे से घेर लिया। खुद को फंसता देख तस्करों ने कार को सर्विस लाइन से कच्चे रास्ते पर उतार दिया, लेकिन आगे रास्ता बंद होने पर कार छोड़कर भागने लगे। टीम ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया।

**कार से बरामद हुआ मादक पदार्थ**

मांडल पुलिस को मौके पर बुलाकर कार की तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में डोडा पोस्त मिला। पुलिस ने करीब 45 किलो अवैध मादक पदार्थ और कार को जब्त कर लिया।

**गिरफ्तार आरोपी**

जगदीश (19), निवासी घेवड़ा शिव नगर, ओसियां, जोधपुर ग्रामीण

श्रवण कुमार (35), निवासी भवाद, कडवड़, जोधपुर

**मारवाड़ ले जाई जा रही थी खेप**

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि तस्कर छोटी सादड़ी (प्रतापगढ़) से डोडा पोस्त लेकर मारवाड़ की ओर जा रहे थे, लेकिन एएनटीएफ की सतर्कता से पहले ही पकड़ में आ गए।

**नशा तस्करों के खिलाफ अभियान जारी**

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और ऐसे तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

C M Y K

## विश्व नर्सिंग दिवस पर 61 सेवानिवृत्त नर्सेज का होगा सम्मान



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर भीलवाड़ा में भव्य समारोह आयोजित होगा। भीलवाड़ा नर्सेज एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिले के 61 सेवानिवृत्त नर्सिंग कर्मियों का सम्मान किया जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम के दौरान स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत पोस्टर का विमोचन किया जाएगा। समारोह में जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी शामिल होंगे। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन नर्सिंग सेवा के समर्पण को सम्मान देने और समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## संजय कॉलोनी में गहराया जल संकट, कलेक्टर से लगाई गुहार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर की संजय कॉलोनी इन दिनों भीषण जल संकट से जूझ रही है। वार्ड 35, 36, 48 और 59 के रहवासी नलों में पानी नहीं आने से परेशान हैं और टैंकरों पर निर्भर हो गए हैं।

निवर्तमान महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नियमित जलापूर्ति की मांग की। उन्होंने नई पाइपलाइन बिछाने, पुरानी लाइनों के सुधार और जल भंडारण क्षमता बढ़ाने की मांग रखी।

कलेक्टर ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जांच कर जल्द समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

## मोहनपुरा में तीन दिवसीय जल सुरक्षा योजना कार्यशाला शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**



ग्राम पंचायत मोहनपुरा में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय जल सुरक्षा योजना निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में महिला, पुरुष एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान गेम्स के माध्यम से जल बजट तैयार किया गया तथा ग्रामीणों ने वर्षा जल संचयन, फसल चक्र अपनाने, पानी की बर्बादी रोकने और सामूहिक प्रयासों से जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया।

यह कार्यशाला फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी (FES) द्वारा आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि/प्रशासक रामस्वरूप तेली, एफईएस स्टाफ नरेंद्र सिंह शक्तावत, कानाराम, आसींद टीम, पंचायत जल सहायक सीता मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## ग्रामीण रथ के माध्यम से योजनाओं की ले जानकारी, जिससे पात्र व्यक्ति नहीं रहे लाभ से वंचित- जिला कलेक्टर



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बुधवार को जिले की मांडलगढ़ पंचायत समिति के सिंगोली ग्राम पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण रथ के आगमन पर रथ संचालक का स्वागत किया तथा बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद किया।

जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एलईडी वैन के माध्यम से प्राप्त करें तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं की सही जानकारी पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के बाद पात्र श्रेणी में आने वाले नागरिक समय पर आवेदन अवश्य करें, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके।

दौरे के दौरान जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की स्थानीय समस्याएं भी सुनीं। इस क्रम में रास्ते से संबंधित एक समस्या का मौके पर ही समाधान किया गया तथा अन्य जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

## बेमाली में ग्रामीण रथ कार्यक्रम आयोजित, कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया संवाद



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आसींद विधानसभा क्षेत्र के करेड़ा उपखंड के ग्राम बेमाली का दौरा कर राज्य सरकार के ग्रामीण रथ कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में रथ संचालक का स्वागत कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण रथ के माध्यम से आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर मिल रही है।

उन्होंने एलईडी वैन के जरिए प्रदर्शित योजनाओं का अवलोकन कर ग्रामीणों से अधिकाधिक लाभ लेने और अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी रेखा गुर्जर, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मिंडोलिया में गूंजा विकास का सियासी संदेश विधायक बैरवा ने साधा विपक्ष पर निशाना

### रात्रि चैपाल में जनता से सीधा संवाद, मौके पर समाधान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**



राजस्थान की सियासत में गांवों तक अपनी पकड़ मजबूत करने की कवायद के तहत ग्राम रथ बुधवार को पंचायत समिति शाहपुरा के ग्राम मिंडोलिया पहुंचा, जहां आयोजित रात्रि चैपाल राजनीतिक रंग में रंगी नजर आई। क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने इस मंच को न केवल जनसंवाद का माध्यम बनाया, बल्कि विपक्ष पर तीखे हमले करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियों का जोरदार बखान भी किया।

रात्रि चैपाल के दौरान विधायक बैरवा ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। पानी, सड़क, बिजली, पेंशन, खेती के रास्तों और आवास जैसी मूलभूत जरूरतों को लेकर ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बात रखी। विधायक ने अधिकारियों को मौके पर ही सख्त निर्देश देते हुए कई मामलों में त्वरित समाधान सुनिश्चित कराया, जिससे जनता में संतोष नजर आया।

**विपक्ष पर निशाना, सरकार की उपलब्धियों का बखान**

अपने संबोधन में विधायक बैरवा ने राजनीतिक तेवर अपनाते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा की, जिसके कारण बुनियादी सुविधाएं भी लोगों को नसीब नहीं हो पाईं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने मात्र ढाई वर्षों में विकास की ऐसी रफ्तार पकड़ी है, जो पहले कभी देखने को नहीं मिली।

उन्होंने जोर देकर कहा कि अब 'सरकार कागजों में नहीं, बल्कि गांव की चैपाल तक पहुंच चुकी है।' बैरवा ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि विकास कार्यों में बाधाएं डालने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन जनता अब जागरूक है और सच्चाई को समझती है।

**'अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा लाभ '**

विधायक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और पात्र लोगों को भी इससे जोड़ें।

चैपाल में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों उपखण्ड अधिकारी सुनील मीणा, तहसीलदार भीवंराज परिहार और विकास अधिकारी प्रकाश स्वर्णकार को विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**चुनावी संदेश भी साफ**

चैपाल के दौरान विधायक का पूरा फोकस विकास के साथ-साथ आगामी राजनीतिक समीकरणों पर भी नजर आया। उन्होंने संकेत दिया कि सरकार का काम ही उसका सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा और जनता विकास के आधार पर ही अपना निर्णय करेगी।

कार्यक्रम के अंत में विधायक ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे और जनता की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

## जनसमस्याओं को लेकर नगरवासियों ने सौंपा ज्ञापन, समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**



शहर की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को जागरूक नागरिकों ने नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता रामराय मीणा को ज्ञापन सौंपा।

पूर्व पार्षद बंसीलाल रेगर ने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था बदहाल है, जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

समाजसेवी रामप्रसाद माली ने सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश को दुर्घटनाओं का कारण बताते हुए उन्हें गौशालाओं में शिफ्ट करने और उचित प्रबंधन की मांग की।

ज्ञापन में नगर पालिका की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, श्मशान घाट पर लकड़ी की व्यवस्था, गौशाला में हरे चारे की पुनः आपूर्ति, सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत और रेगर मोहल्ला शौचालय को चालू करने की मांग भी शामिल रही।

नागरिकों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान महेंद्र नौलखा, प्रवीण कुमार, पुखराज सूर्या सहित कई नागरिक मौजूद रहे।

# विष्णु महायज्ञ में गूंजी भागवत कथा, संतों के सानिध्य से जीवन परिवर्तन का संदेश





**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक।** कस्बे में आयोजित विष्णु महायज्ञ के तहत चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक अनमोल शास्त्री ने संतों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संतों के चरण स्पर्श मात्र से ही मनुष्य का जीवन बदल सकता है और वह विपदाओं से पार पा सकता है। उन्होंने कहा कि संतों के प्रति श्रद्धा और विनम्रता रखने में कभी संकोच नहीं करना चाहिए।

शास्त्री ने कहा कि भगवान भाव के भूखे होते हैं। आज का मानव मोह-माया के पीछे भाग रहा है, जबकि अंत समय में केवल भगवान का नाम ही साथ जाता है। कथा के दौरान उन्होंने भक्त नरसी मेहता और भगवान कृष्ण के बीच अटूट प्रेम व निस्वार्थ भक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया। नरसी मेहता के जीवन प्रसंगों को झांकियों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर देखा। इस अवसर पर आयोजित पंचकुंडीय विष्णु महायज्ञ में बुधवार को यज्ञाचार्य भगवती प्रसाद शास्त्री (दोवनी) एवं पंडित गोपाल लाल भट्ट के सानिध्य में एक लाख दुर्गा सहस्त्रनाम की आहुतियां दी गईं। इससे पूर्व देवी-देवताओं का पूजन, हवन, भगवान लक्ष्मीनाथ का अभिषेक तथा कलश व मूर्तियों का पुष्प अधिवास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। गुरुवार को स्थापित शिव परिवार की मूर्तियों एवं कलशों का प्राण प्रतिष्ठा के तहत सहस्त्रधारा अभिषेक किया जाएगा।

कार्यक्रम में आकोला शिवालय के महंत रामस्नेहीदास महाराज, बालक दास महाराज (रामेश्वरम धाम, बूंदी) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद रहे।



QUICK BITES

# विधायक कोठारी ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

## अमृत-2 योजना का कार्यादेश शीघ्र जारी हो ताकि भीलवाड़ा को मिले चम्बल का पर्याप्त जल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर अमृत-2 योजना के अंतर्गत भीलवाड़ा शहर के लिए प्रस्तावित जलापूर्ति परियोजना का कार्यादेश शीघ्र जारी कराने की मांग की है।

विधायक कोठारी ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा शहरों में बेहतर जलापूर्ति व्यवस्था के उद्देश्य से अमृत-2 योजना प्रारम्भ की गई थी, जिसके तहत भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 131 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत की जा चुकी है। योजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी पूर्व में ही प्राप्त हो चुकी है तथा पूर्ववर्ती सरकार ने भीलवाड़ा शहर की कई निजी आवासीय कॉलोनियों को इस दायरे में नहीं लिया था लेकिन भीलवाड़ा विधायक के प्रयासों से वर्तमान राज्य सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पूर्व सरकार के निर्णय में संशोधन कर समस्त निजी कॉलोनियों को भी योजना में शामिल किया है।

विधायक कोठारी ने बताया कि योजना की नवीन डीपीआर तैयार कर उसकी तकनीकी स्वीकृति भी प्राप्त कर ली गई थी तथा विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी करते हुए वित्तीय बिड भी खोल दी गई, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आज तक कार्यादेश जारी नहीं हो पाये हैं। उन्होंने कहा कि कार्यादेश में हो रही देरी के कारण भीलवाड़ा शहर की जनता को चम्बल जल आधारित सुदृढ़ जलापूर्ति योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए अमृत-2 योजना का कार्यादेश शीघ्र जारी कराया जाए, ताकि ग्रीष्मकाल के इस मौसम में शहरवासियों को पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# अवैध प्लॉटिंग को लेकर बवाल, पूर्व चेयरमैन के कार्यकाल की जांच की मांग

## सरकारी जमीनों के दुरुपयोग का आरोप, सैकड़ों ग्रामीणों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



(दिलखुश)। नगरपालिका सावर क्षेत्र में सरकारी संपत्तियों के कथित दुरुपयोग और अवैध प्लॉटिंग को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। सावर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों व महिलाओं ने बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) केकड़ी को ज्ञापन सौंपकर निवर्तमान नगरपालिका चेयरमैन विश्वजीत सिंह शक्तावत के कार्यकाल की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व चेयरमैन के कार्यकाल में चारागाह, वन विभाग और अन्य सरकारी जमीनों पर अवैध कॉलोनियां विकसित कर सैकड़ों भूखंड बेचे गए, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ है। शिकायत के अनुसार ग्राम की भूमि पर करीब 120 प्लॉट काटकर बेचे गए हैं।

इसके अलावा ग्रामीणों ने वन विभाग की करीब 50 बीघा भूमि पर अतिक्रमण कर बिना वैध पट्टे के निर्माण करने का भी आरोप लगाया है। पंचायत काल में मौजूद चारागाह भूमि समाप्त होने से पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मामले में यह भी सामने आया है कि गौशाला की जमीन को खाली करवाकर वहां भी कॉलोनी काटने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के बाद यह कार्रवाई रुक गई। वहीं खटीक मोहल्ले में आम रास्ता बंद कर अवैध प्लॉटिंग करने और लाखों रुपये के राजस्व नुकसान का भी आरोप लगाया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि जनसुनवाई पोर्टल पर पूर्व में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। साथ ही पंचायत की दुकानों को बिना नीलामी के औने-पौने दामों में बेचने के आरोप भी लगाए गए हैं।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि विरोध करने वालों को धमकियां दी गई और पूर्व में एक व्यक्ति पर हमला होने का मामला भी सामने आया था।

ग्रामीणों ने एडीएम से मांग की है कि पूरे कार्यकाल के दौरान हुए निर्माण कार्यों, जमीनों की बिक्री और अतिक्रमण की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में केकड़ी में धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल की जाएगी।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सांसद अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री मेघवाल से की मुलाकात, भीलवाड़ा के लिए हवाई सेवाओं पर चर्चा

## टेक्सटाइल कार्यक्रम में आने का दिया निमंत्रण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



सांसद दामोदर अग्रवाल ने नई दिल्ली में देश के कानून मंत्री एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर उन्हें भीलवाड़ा आने का आमंत्रण दिया।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के अध्यक्ष के रूप में सांसद अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री को फेडरेशन के वार्षिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे मेघवाल ने स्वीकार करते हुए 24 मई को कार्यक्रम में आने की स्वीकृति प्रदान की है।

24 मई को फेडरेशन की वार्षिक आम सभा ग्रोथ सेंटर स्थित बहुउद्देशीय भवन में आयोजित होगी, जिसमें भीलवाड़ा के टेक्सटाइल उद्यमी भाग लेंगे। फेडरेशन के लगभग 800 आजीवन सदस्यों को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। इस मुलाकात के दौरान भीलवाड़ा में हवाई सेवा शुरू करने के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बताया गया कि एयर कनेक्टिविटी को लेकर केंद्रीय मंत्री मेघवाल का सहयोग मिल रहा है। साथ ही यह प्रयास भी किया जा रहा है कि 24 मई को सिविल एविएशन मंत्री का भी भीलवाड़ा दौरा हो, ताकि हमीरगढ़ हवाई पट्टी का निरीक्षण कर क्षेत्र में हवाई सेवा शुरू करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

उल्लेखनीय है कि सांसद अग्रवाल अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही भीलवाड़ा में हवाई सेवा प्रारंभ कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# जाजम पर बैठे जिला कलेक्टर, दिल जीत गया गांव! नई आरणी में 'ग्रामीण रथ' को मिली रफ्तार, योजनाएं अब घर-घर तक

## संधू की सादगी बनी मिसाल, अफसर-जनता की दूरी हुई कम





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

क्षेत्र के नई आरणी गांव में उस वक्त अलग ही नजारा देखने को मिला, जब जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अपनी सादगी और संवेदनशीलता से ग्रामीणों का दिल जीत लिया। आमतौर पर कुर्सियों और मंचों पर नजर आने वाले अफसर, यहां जाजम पर बैठकर सीधे ग्रामीणों से रूबरू हुए और यही पहल पूरे कार्यक्रम की सबसे बड़ी चर्चा बन गई।

दरअसल, कलेक्टर संधू राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चल रहे ग्रामीण रथ अभियान को गति देने नई आरणी पहुंचे थे। उन्होंने विधिवत हरी झंडी दिखाकर रथ को तय रूट पर रवाना किया और रथ चालक का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। लेकिन असली तस्वीर तब बनी, जब कलेक्टर खुद जाजम पर बैठ गए उन्हें देख अन्य अधिकारी भी वहीं बैठ गए और माहौल पूरी तरह से जनसंवाद का बन गया।

ग्रामीणों ने भी इस पहल को हाथों-हाथ लिया। कई लोगों ने कहा 'अफसर ऐसे भी होते हैं, जो हमारे बीच बैठकर हमारी बात सुनते हैं।' कलेक्टर की यह सादगी और सहजता गांव में चर्चा का विषय बन गई।

अपने संबोधन में कलेक्टर संधू ने कहा कि ग्रामीण रथ अभियान का मकसद सरकार की योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं।

इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनीं। गांववासियों ने अतिक्रमण, खराब सड़कों और पेयजल संकट जैसी मूलभूत समस्याएं सामने रखीं। कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। इतना ही नहीं, उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि क्षेत्र में चल रही योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि पात्र लोगों को समय पर लाभ मिल सके और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न हो।

कार्यक्रम में शाहपुरा उपखंड अधिकारी सुनील मीणा, तहसीलदार भींवराज परिहार, विकास अधिकारी प्रकाश स्वर्णकार सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शक्करगढ़ में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया, पंचायत की मांग पर प्रशासन की कार्रवाई





**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

ग्राम पंचायत में लंबे समय से विवादों में चल रहे सरकारी भूमि अतिक्रमण मामले में बुधवार को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कब्जा हटवा दिया। तहसीलदार रवि कुमार मीणा की मौजूदगी में राजस्व विभाग, पंचायत प्रशासन और पुलिस जाब्ते की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर सरकारी जमीन पर बने पक्के चबूतरे को हटाया।

जानकारी के अनुसार, जिस स्थान पर पहले गरीबों के लिए अन्नपूर्णा रसोई योजना (पूर्व इंदिरा रसोई) संचालित होती थी, उसी भूमि पर बाद में चबूतरा बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। ग्राम पंचायत ने इस कब्जे को हटाने के लिए तीन बार प्रशासन से पुलिस जाब्ते की मांग की थी। लगातार मांग और मामला सुर्खियों में आने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, राजस्व टीम और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए स्पष्ट किया कि सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि यह मामला पहले भी चर्चा में रहा था, क्योंकि इसी स्थान से पूर्व में इंदिरा रसोई को हटाया गया था। इसके बाद उसी जमीन पर निजी कब्जा होने से पंचायत और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे। अब प्रशासनिक कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

# छात्राओं ने जानी एफएसटीपी की कार्यप्रणाली, किया ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, गांधी नगर की छात्राओं को जहाजपुर रोड स्थित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का भ्रमण करवाया गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता प्रहलाद गुलपारिया ने छात्राओं को एफएसटीपी की कार्यप्रणाली एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने प्राइमरी ट्रीटमेंट यूनिट, एमबीआर, स्टेबलाइजेशन टैंक, स्क्रू प्रेस एवं स्लज ड्रायर जैसी इकाइयों के बारे में विस्तार से समझाया।

कैप इकाई के सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर स्पॉट अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने विद्यार्थियों को बताया कि घरों के सेप्टिक टैंक या शौच गड्ढों (सोकपिट) को नगर पालिका में निर्धारित 1500 रुपये शुल्क जमा करवा कर खाली कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एफएसटीपी पर स्लज का ट्रीटमेंट कर उसे खाद के रूप में खेतों में उपयोग किया जा सकता है, जिससे गंदगी से निजात मिलेगी और पर्यावरण स्वच्छ रहेगा।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने घरों के सेप्टिक टैंक हर 5 वर्ष में नियमित रूप से खाली कराने के लिए प्रेरित किया तथा टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर जानकारी लेने की सलाह दी। साथ ही व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अशोक शर्मा, चंदा सुथार सहित छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की।

# तिलस्वां महादेव मंदिर के दान पात्र से 48.22 लाख रुपये निकले

## चार माह बाद खोला गया दान पात्र, प्रशासनिक निगरानी में हुई गणना

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

( **नरेश धाकड़** ) क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था केंद्र तिलस्वां महादेव मंदिर में चार माह बाद दान पात्र खोला गया, जिसमें श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का प्रमाण देखने को मिला। दान पात्र से कुल 48 लाख 22 हजार 69 रुपये की राशि प्राप्त हुई।



मंदिर परिसर में दान पात्र खोलने की पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश चंद अहीर, ट्रस्ट सचिव मांगीलाल धाकड़ सहित अन्य ट्रस्टी मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से गिरदावर संजय पाराशर तथा पटवारी दीपक धाकड़ भी मौके पर उपस्थित रहे।

दान राशि की गणना राजस्थान ग्रामीण बैंक बिजोलिया के कर्मचारियों की मौजूदगी में विधिवत रूप से की गई। ट्रस्ट सचिव मांगीलाल धाकड़ ने बताया कि प्राप्त राशि मंदिर के निर्माण, विकास कार्यों और सौंदर्यीकरण पर खर्च की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# बाड़िया खुर्द में पीपली के श्याम मंदिर निर्माण का शुभारंभ, 101 लीटर दूध से हुआ नींव पूजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

बाड़िया खुर्द ग्राम के ऐतिहासिक खेजड़ा भैरुनाथ मंदिर परिसर में पीपली के श्याम के भव्य मंदिर निर्माण कार्य का विधि-विधान से शुभारंभ किया गया। शुभ मुहूर्त में 101 लीटर दूध से नींव पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई ।

नींव पूजन के दौरान पूरा वातावरण 'जय श्री श्याम' और 'श्री खेजड़ा भैरुनाथ' के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस पावन अवसर पर भोपाल सिंह, पुजारी पोखर लाल गुर्जर, शंकर लाल



शर्मा, पुनम पंडित खूटियां, जगदीश, भूर दास परबती, कैलाश शर्मा, मोहन लाल गुर्जर, ऋषिपाल सिंह, नारायण लाल गुर्जर, कन्हैया लाल प्रजापत, जानकी लाल शर्मा, भैरू शर्मा, भूरालाल कुमावत, मांगीलाल, शिवलाल भील सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मंदिर के पुजारी पोखर लाल गुर्जर ने बताया कि खेजड़ा भैरुनाथ का स्थान वर्षों से आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। पीपली के श्याम मंदिर के निर्माण से क्षेत्र में धार्मिक चेतना और अधिक सुदृढ़ होगी।

उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण में सभी ग्रामवासी एवं भक्तजन तन-मन-धन से सहयोग कर रहे हैं।

# नई आबादी में अवैध शराब का खेल--रिहायशी इलाके में बढ़ी असामाजिक गतिविधियां

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा की नई आबादी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री और बढ़ती असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ आखिरकार जनता का सब्र टूट गया। आक्रोशित नागरिकों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मोहल्लेवासियों का आरोप है कि 4 मई 2026 को पुलिस उपाधीक्षक, शाहपुरा को लिखित शिकायत देने के बावजूद तीन दिन बीत जाने पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे क्षेत्र में रोष और



असुरक्षा की भावना लगातार बढ़ती जा रही है। ज्ञापन में बताया गया कि कुछ लोग बिना लाइसेंस के रिहायशी इलाके में खुलेआम शराब बेच रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह अवैध कारोबार विद्यालय और मस्जिद के पास संचालित हो रहा है, जिससे बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इतना ही नहीं, इस स्थान पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ गया है, जिससे क्षेत्र की कानून-व्यवस्था बिगड़ने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे पहले भी कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन हर बार मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर संबंधित लोग धमकी देने और अभद्र व्यवहार करने से भी नहीं चूक रहे हैं, जिससे आमजन में डर का माहौल बन गया है।

ज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टर से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई गई है।

# महारास का दिव्य संदेश, भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सागर

## प्रेम, करुणा और सेवा का दिया संदेश, गौशाला को भेंट हुई 2 लाख की राशि





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा क्षेत्र के विजयपुर में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर भक्ति, भाव और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। राव नरेन्द्र सिंह के कृषि फार्म पर मूंदड़ा परिवार द्वारा आयोजित इस कथा में महारास के दिव्य प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

कथावाचक दिग्विजयराम ने महारास को विश्व की अद्भुत घटना बताते हुए कहा कि यह प्रेम, करुणा और लोक कल्याण का संदेश देने वाली दिव्य लीला है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति योगयोगेश्वर भगवान कृष्ण की लीलाओं को समझ लेता है, उसका जीवन वास्तव में धन्य हो जाता है। महारास में वही शामिल हो सके, जिनका अंतर्मन विकारों से पूर्णतः मुक्त था।

प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि दूसरों को दुःख देकर कोई भी व्यक्ति सुखी नहीं हो सकता। सच्चा सुख दूसरों को सुख देने और उनके दुःख बांटने में ही निहित है।

उन्होंने समाज में सेवा और करुणा के भाव को अपनाने का आह्वान किया। आधुनिक समाज पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि आज नारी की सबसे बड़ी शत्रु नारी ही बनती जा रही है और वह ममत्व, सेवा व प्रेम जैसे मूल्यों से दूर होती जा रही है।

दिग्विजयराम ने भक्ति की गहराई को समझाते हुए कहा कि बिना व्याकुलता के भगवान का भजन भी पूर्ण आनंद नहीं देता। सांसारिक दुख में रोने वाले तो बहुत मिल जाते हैं, लेकिन भगवान के प्रेम में आंसू बहाने वाले विरले होते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे जल के बिना मछली तड़पती है, वैसे ही मनुष्य को भी भगवान के बिना तड़प महसूस होनी चाहिएकृयही सच्ची भक्ति का संकेत है।

कथा में जरासंध वध, शिशुपाल वध, गोपी प्रसंग और रुक्मिणी मंगल जैसे प्रसंगों की भावपूर्ण व्याख्या की गई। गोपी भाव के प्रसंग के दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। रुक्मिणी मंगल के पश्चात आई लगभग 2 लाख रुपये की भेंट राशि को दिग्विजयराम के आह्वान पर तत्काल ही नृसिंह गौशाला, विजयपुर को समर्पित कर दिया गया, जिससे आयोजन में सेवा भाव का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला।

कार्यक्रम में राव नरेन्द्र सिंह विजयपुर, मूंदड़ा परिवार के मुखिया बंशी लाल मूंदड़ा, ओम प्रकाश मूंदड़ा, संदीप मूंदड़ा, दामोदर मूंदड़ा, शिव प्रकाश मूंदड़ा, अशोक मूंदड़ा और दिलीप मूंदड़ा सहित अन्य सदस्यों ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर आरती की। कार्यक्रम का संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, उद्योगपति महेश लड्ढा, विजयपुर प्रशासक श्याम सुन्दर शर्मा, शिव नारायण शर्मा, नंद किशोर कोठारी, श्याम सुन्दर मूंदड़ा (निंबाहेड़ा), शैतान सिंह शक्तावत सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। भागवत कथा का समापन गुरुवार को होगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है।

## QUICK BITES

# मुख्य सड़क पर फैला गंदा पानी, राहगीर परेशान, दुर्घटना व बीमारियों का खतरा बढ़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**



**परमेश्वर**

तहसील क्षेत्र के सरदार नगर में इन दिनों सड़क पर गंदा पानी फैलने की समस्या ने गंभीर रूप ले लिया है। गांव की मुख्य सड़क पर जगह-जगह गंदा पानी जमा होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर स्थिति यह है कि सड़क के बीचों-बीच पानी फैला हुआ है, जिससे वाहन चालकों को गुजरने में कठिनाई हो रही है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता खतरनाक बन गया है, जहां फिसलकर दुर्घटना होने की आशंका लगातार बनी रहती है। कई लोग मजबूरी में इसी गंदे पानी के बीच से होकर निकल रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गंदा पानी लगातार सड़क पर बह रहा है, जिससे सड़क की हालत भी खराब हो रही है। लंबे समय से शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# सड़क से मात्र 6 इंच दूरी पर 11 हजार केवी लाइन, बड़े हादसे का खतरा, शिकायतों के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**

**परमेश्वर**




तहसील क्षेत्र के सरदार नगर से शोभागपुरा रोड पर सड़क के किनारे 11 हजार केवी की हाई वोल्टेज विद्युत लाइन/पोल मात्र लगभग 6 इंच की दूरी पर स्थित होने से बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस खतरनाक स्थिति को लेकर कई बार विद्युत विभाग को लिखित एवं ऑनलाइन माध्यम से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। विभाग की ओर से शिकायतों का निस्तारण दिखाया जा रहा है, जबकि मौके पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क से इतनी कम दूरी पर हाई वोल्टेज लाइन होना सीधे तौर पर जानलेवा साबित हो सकता है। यहां से रोजाना गुजरने वाले वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और बच्चों के लिए यह बड़ा खतरा बना हुआ है। बरसात या तेज हवाओं के दौरान खतरा और भी बढ़ जाता है।

इस मामले में स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द विद्युत लाइन/पोल को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई और कोई हादसा होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# बड़ला में निकाली भव्य कलश यात्रा, पीपल विवाह व काल भैरव की स्थापना

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



( **सांवर वैष्णव** ):- कस्बे के निकटवर्ती बड़ला गांव में बोर का मंड देवनारायण मंदिर पर पीपल विवाह और काल भैरव की मूर्ति स्थापना को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा के साथ पंच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री हरि हरात्मक यज्ञ एवं पीपल विवाह कार्यक्रम की शुरुआत हुई । ग्रामीणों ने बताया कि बडला-पीथास रोड़ पर स्थित बोर का मंड देवनारायण भगवान के यहां पर काल भैरव की मूर्ति स्थापना के साथ ही भगवान देवनारायण का पीपल संग विवाह के पंच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री हरि हरात्मक यज्ञ को लेकर आज बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई, आज बुधवार प्रातः 10:15 बजे पाल के देवनारायण मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ 211 कलशों की कलशयात्रा शुरू हुई, कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए? बोर का मड़ देवनारायण भगवान के मंदिर पर पहुंची, कलशयात्रा में महिला-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे भजनों पर नाचते गाते चले । दोपहर 1:15 बजे मंडप प्रवेश किया गया, इसके बाद यज्ञाचार्य लादू लाल दाधिच आटूण के द्वारा वैदिक मंत्रोणाचार्य के साथ देवी-देवताओं की स्थापना कर पूजा-अर्चना की । सायं 4:15 बजे अग्नि स्थापना की, 35 जोड़ों ने हवन कुंड में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां लगाई । शनिवार 9 मई को सायं 5 बजे बड़ी हरणी से मंगरी के देवनारायण भगवान के यहां से बारात आएगी, जो रविवार 10 मई प्रातः 4:15 बजे देवनारायण भगवान का पीपल का विवाह होगा । वही दोपहर 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में काल भैरव की मूर्ति की स्थापना होगी । इसके बाद यज्ञ की पूर्णमति और प्रसादी का वितरण किया जाएगा ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।